संख्या: 520/79-6-07-1(9) 2006

प्रेषक,

रमेश चन्द्र धिल्डियाल,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश

शिक्षा अनुभाग-6 लखनऊः दिनाँकः 15 मार्च, 2007

विषयः मध्यान्ह भोजन योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत किचन कम स्टोर के निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गरम पका-पकाया भोजन (कुक्ड मील) दिये जाने हेतु योजना अन्तर्गत प्रदेश के 13,309 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में किचेन कम स्टोर के निर्माण हेतु संलग्न विवरणानुसार रू0 79,85,41,000 (रूपये उन्यासी करोड़ पच्चासी लाख इकतालीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. स्वीकृत धनराशि जिलाधिकारी द्वारा आहरित कर किचेन कम स्टोर के निर्माण पर व्यय करने हेतु ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करायी जायेगी जिनके द्वारा उनके क्षेत्र सीमा में आने वाले उक्त विद्यालयों में किचेन कम स्टोर का निर्माण कराया जायेगा। इस धनराशि के लेखों के रख-रखाव की समस्त कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित करायी जायेगी। उक्त धनराशि का व्यय ग्राम शिक्षा समिति द्वारा किया जायेगा।

1. किचन कम स्टोर का निर्माण शैक्षिक रूप से पिछडे ऐसे विकास खण्डों में किया जायेगा, जिनकी महिला साक्षरता दर 46.1 प्रतिशत से कम है तथा जेण्डर गैप 21.59 प्रतिशत से अधिक है जिसकी सूची जनपदवार, विकासखण्डवार संलग्न है।
2. किचन कम स्टोर की इकाई लागत रू0 60,000 (रूपये साठ हजार मात्र) है।
3. किचन कम स्टोर का निर्माण संलग्न निर्धारित डिज़ाइन के अनुसार कराया जायेगा।
4. किचन कम स्टोर का निर्माण उन्हीं विद्यालयों में किया जाना है जहाँ पूर्व में किसी अन्य योजना के अन्तर्गत किचेन का निर्माण न हुआ हो।
5. उक्त धनराशि का अलग से लेखा रखा जायेगा तथा धनराशि का व्यय किसी अन्य योजना में नही किया जायेगा।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड के चयनित विद्यालयों का अनुमोदन जिलाधिकारी से प्राप्त किया जायेगा। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि चयनित विद्यालयों में किचेन शेड निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, पर्याप्त पानी की व्यवस्था है तथा अधिक छात्र नामांकन के विद्यालयों को वरीयता प्रदान की जा रही है।

7. जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन विद्यालयों में अन्य किसी योजनान्तर्गत किचन कम स्टोर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित हो तो उन विद्यालयों में इस योजनान्तर्गत किचन कम स्टोर का निर्माण न किया जायें।
8. किचेन कम स्टोर स्कूल की कक्षाओं से अलग होगा। यह सामान्य रूप से विद्यालय परिसर के अन्दर शिक्षण कक्षों से कुछ दूरी पर स्थापित किया जायेगा परन्तु पहुँच के अन्तर्गत होगा। किचेन शेड हवादार बनाये जायेंगे, उनमें अलग-अलग भण्डारण सुविधा होगी तथा ताले से बन्द करने का प्रबन्ध किया जायेगा।
9. किचेन का निर्माण प्रत्येक जनपद को आवंटित संख्या के अनुसार किया जायेगा।

3. उक्त धनराशि रू0 79,85,41,000 (रू0 उन्यासी करोड़ पच्चासी लाख इकतालीस हजार मात्र) की स्वीकृत पुनर्विनियोग के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

उक्त मद में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2006-07 के आय व्ययक के अनुदान संख्या -71 के अधीन लेखा शीर्षक " 2202-सामान्य शिक्षा -01- प्रारम्भिक शिक्षा-अयोजनागत-102 अराजकीय प्राथमिक विद्यालयों को सहायता-01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-08-मिड डे मील-20-सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता से विकलित होगी तथा अनुदान संख्या-71 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक 2202-सा0शि0-01-प्रा0शि0-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-07-मंहगाई भत्ते के लिए एकमुश्त प्राविधान-03 मंहगाई भत्ता में हो रही बचतों से पुनर्विनियोग कर वहन किया जायेगा।

यह आदेश वित्त (आय -व्ययक) अनुभाग-11 की आशासकीय संख्या 477/दस 2007 दिनांक 13-03-2007 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे है।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीय,

(रमेश चन्द्र धिल्डियाल)
संयुक्त सचिव

पृष्ठांकन सम संख्यक(1) तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद।
4. समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।
5. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
6. वरिष्ठ शोध अधिकारी, शिक्षा विभाग।
7. नियोजन विभाग, अनुभाग-4, उ0प्र0शासन।
8. वित्त ई-।। अनुभाग, उ0प्र0शासन।
9. बजट अनुभाग-2, उ0प्र0शासन।
10. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(रमेश चन्द्र धिल्डियाल)
संयुक्त सचिव

| | District | Rural Female Literacy | Blocks where Female Literacy below the 46.13 | Kitchen Shed | Kitchen Shed @ 60000 Per Shed |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Agra | 37.96 | 13 | 247 | 14820000 |
| 2 | Aligarh | 38.04 | 12 | 228 | 13680000 |
| 3 | Allahabad | 37.73 | 20 | 360 | 21600000 |
| 4 | Ambedkar Nagar | 43.38 | 8 | 152 | 9120000 |
| 5 | Azamgarh | 41.85 | 21 | 399 | 23940000 |
| 6 | Bagpat | 42.45 | 1 | 19 | 1140000 |
| 7 | Bahraich | 18.43 | 13 | 260 | 15600000 |
| 8 | Ballia | 41.45 | 17 | 323 | 19380000 |
| 9 | Balrampur | 18.80 | 8 | 160 | 9600000 |
| 10 | Banda | 31.95 | 8 | 160 | 9600000 |
| 11 | Barabanki | 32.19 | 15 | 285 | 17100000 |
| 12 | Bareily | 26.63 | 15 | 300 | 18000000 |
| 13 | Basti | 34.89 | 13 | 247 | 14820000 |
| 14 | Bhadohi | 36.08 | 5 | 95 | 5700000 |
| 15 | Bijnor | 43.31 | 8 | 152 | 9120000 |
| 16 | Budaun | 20.35 | 17 | 323 | 19380000 |
| 17 | Bulandsehar | 39.10 | 14 | 266 | 15960000 |
| 18 | Chanduli | 41.65 | 8 | 152 | 9120000 |
| 19 | Chitrakoot | 45.90 | 3 | 57 | 3420000 |
| 20 | Deoria | 40.26 | 13 | 247 | 14820000 |
| 21 | Etah | 35.69 | 15 | 285 | 17100000 |
| 22 | Faizabad | 38.52 | 11 | 209 | 12540000 |
| 23 | Farrukhabad | 44.38 | 5 | 95 | 5700000 |
| 24 | Fatehpur | 39.52 | 10 | 190 | 11400000 |
| 25 | Firozabad | 39.76 | 1 | 19 | 1140000 |
| 26 | GB Nagar | 42.29 | 2 | 38 | 2280000 |
| 27 | Ghaziabad | 44.43 | 3 | 57 | 3420000 |
| 28 | Ghazipur | 42.36 | 14 | 266 | 15960000 |
| 29 | Gonda | 24.20 | 17 | 340 | 20400000 |
| 30 | Gorakhpur | 36.54 | 19 | 361 | 21660000 |
| 31 | Hamirpur | 36.11 | 7 | 133 | 7980000 |
| 32 | Hardoi | 33.77 | 19 | 361 | 21660000 |
| 33 | Hathras | 43.88 | 5 | 95 | 5700000 |
| 34 | Jalaun | 45.26 | 5 | 95 | 5700000 |

F:\M D M A\MUCH MORE\Kitchen

| Sl.No. | District | Rural Female Literacy | Blocks where Female Literacy below the 46.13 | Kitchen Shed | Kitchen Shed[illegible] 60000 Per Shed |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 35 | Jaunpur | 42.53 | 19 | 361 | 21660000 |
| 36 | Jhansi | 38.24 | 9 | 171 | 10260000 |
| 37 | JP Nagar | 30.82 | 7 | 140 | 8400000 |
| 38 | Kannauj | 43.86 | 3 | 57 | 3420000 |
| 39 | Kaushambi | 28.24 | 9 | 180 | 10800000 |
| 40 | Khiri | 32.17 | 15 | 285 | 17100000 |
| 41 | Kushinagar | 28.25 | 16 | 320 | 19200000 |
| 42 | Lalitpur | 27.20 | 6 | 120 | 7200000 |
| 43 | Lucknow | 40.10 | 8 | 152 | 9120000 |
| 44 | Maharajganj | 26.23 | 14 | 280 | 16800000 |
| 45 | Mahoba | 31.23 | 4 | 80 | 4800000 |
| 46 | Mainpuri | 43.04 | 2 | 38 | 2280000 |
| 47 | Mathura | 36.27 | 10 | 190 | 11400000 |
| 48 | Mau | 45.56 | 5 | 95 | 5700000 |
| 49 | Meerut | 40.55 | 3 | 57 | 3420000 |
| 50 | Mirzapur | 36.00 | 10 | 190 | 11400000 |
| 51 | Moradabad | 24.77 | 13 | 260 | 15600000 |
| 52 | Muzzaffarnagar | 44.53 | 10 | 190 | 11400000 |
| 53 | Pilibhit | 31.27 | 7 | 140 | 8400000 |
| 54 | Pratapgarh | 40.26 | 15 | 285 | 17100000 |
| 55 | Raibareili | 36.52 | 19 | 361 | 21660000 |
| 56 | Rampur | 21.42 | 4 | 80 | 4800000 |
| 57 | Sant Kabeer Nagar | 33.43 | 9 | 171 | 10260000 |
| 58 | Saharanpur | 45.75 | 4 | 76 | 4560000 |
| 59 | Shahjahnpur | 32.19 | 14 | 266 | 15960000 |
| 60 | Shrawasti | 17.70 | 7 | 140 | 8400000 |
| 61 | Siddhartnagar | 25.87 | 13 | 260 | 15600000 |
| 62 | Sitapur | 30.87 | 19 | 380 | 22800000 |
| 63 | Sonbhadra | 24.24 | 9 | 180 | 10800000 |
| 64 | Sultanpur | 39.40 | 23 | 437 | 26220000 |
| 65 | Unnao | 37.87 | 13 | 247 | 14820000 |
| 66 | Varanasi | 45.58 | 6 | 144 | 8640000 |
| | Total | | 690 | 13309 | 798540000 |